Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 2 अगस्त, 2023

ऑस्ट्रेलिया के रणनीतिक कोकोस द्वीप समूह

भारतीय नौसेना तथा भारतीय वायु सेना के विमानों ने हाल ही में दक्षिणी हिंद महासागर में ऑस्ट्रेलिया के कोकोस (Keeling) द्वीप (CKI) का दौरा किया, जिससे हिंद महासागर में भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं के बीच रणनीतिक पहुँच एवं अंतर-संचालनीयता मज़बूत हुई।

- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग CKI में एक ग्राउंड स्टेशन और फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस के रूप में उपयोग के लिये CKI रनवे के नियोजित उन्नयन के साथ भारत के गगनयान मिशन के समर्थन तक आगे बढ़ा है।
- दोनों देश समुद्री क्षेत्र जागरूकता तथा पनडुब्बी रोधी युद्ध को बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, साथ ही वे ऑस्ट्रेलिया में जापान और अमेरिका के साथ आगामी मालाबार बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास में भाग लेंगे।
- विशिष रूप से हिंद महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति के जवाब में दोनों देशों के बीच सैन्य जुड़ाव का उद्देश्य क्षेत्र की निगरानी एवं प्रतिक्रिया क्षमताओं को मज़बूत करना है।

//

सात अद्वितीय भारतीय शिल्पों को प्राप्त भौगोलिक संकेत टैग

चेन्नई में भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री ने देश की विविध शिल्प कौशल का प्रदर्शन करते हुए, भारत के विभिन्न क्षेत्रों के सात उत्पादों को[भौगोलिक संकेत (Geographical Indication- GI) टैग](#) प्रदान किये हैं। भारतीय शिल्प के लिये नए GI टैग निम्नलिखित हैं:

- **'जलेसर धातु शिल्प (Jalesar Dhatu Shilp)' -** जलेसर, उत्तर प्रदेश का एक धातु शिल्प, जो सजावटी धातु शिल्प और पीतल के पात्रों के लिये जाना जाता है।
- गोवा का **'मनकुराड आम (Mankurad Mango)'**, जिसे **'मलकोराडा (Malcorada)'** भी कहा जाता है, आम की एक अनूठी किस्म का प्रतिनिधित्व करता है।
- **'गोअन बेबिनका (Goan Bebinca)'** - पारंपरिक इंडो-पुर्तगाली हलवा (Indo-Portuguese Pudding), जिसे **'गोवा की मिठाइयों की रानी (Queen of Goan Desserts)'** के रूप में जाना जाता है।
- **राजस्थान के चार GI टैग:**

- उदयपुर कोफ्तगारी धातु शिल्प
- बीकानेर काशीदाकारी शिल्प
- जोधपुर बंधेज शिल्प
- बीकानेर उस्ता कला शिल्प

और पढ़ें... भौगोलिक संकेत टैग

WHO हृदय रोग की रोकथाम हेतु पॉलीपिल्स का समर्थन करता है

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एथेरोस्क्लोरोटिक हृदय रोगों की प्राथमिक और माध्यमिक रोकथाम के लिये आवश्यक दवाओं की संशोधित मॉडल सूची 2023, में **हृदय संबंधी दवाओं या पॉलीपिल्स के तीन निश्चित खुराक संयोजनों को शामिल** किया है।

- **पॉलीपिल्स निश्चित-खुराक संयोजन** वाली दवाएँ हैं जिनमें एक ही गोली में कई सक्रिय तत्त्व होते हैं।
  - विभिन्न शोधकर्त्ताओं द्वारा किये गए अध्ययनों से पता चला है कि **पॉलीपिल्स दिल के दौरे और स्ट्रोक के खतरे को लगभग 40% से 50% तक कम** कर देते हैं।
- **भारत में कैडिला द्वारा निर्मित चार-दवा संयोजन पॉलीकैप** को आवश्यक दवाओं की सूची (EML) में शामिल किया गया था।

और पढ़ें: आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (NLEM)

बेस्वाद उबला हुआ जल

प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले जल में मृदा संरचना से प्रभावित विभिन्न **घुलनशील पदार्थ** होते हैं, जिनमें ऑक्सीजन **और** कार्बन डाइ-ऑक्साइड, **सल्फेट्स, कैल्शियम तथा मैग्नीशियम के कार्बोनेट** एवं **लौह** जैसे तत्त्व शामिल होते हैं।

- ये घटक **जल के स्वाद और कठोरता दोनों में** योगदान देते हैं, **जिसमें कठोरता उच्च खनिज सामग्री का संकेत देती है।**
- जल के उबालने से **घुली हुई गैसें निकल जाती हैं और उसकी कठोरता कम हो जाती है।** इस प्रक्रिया में कार्बोनेट एवं हाइड्रॉक्साइड भी बनते हैं, जो **अघुलनशील** होते हैं। ये बर्तन की सतहों और तली पर परतदार कोटिंग के रूप में जल को जमा देते हैं।
- जल से इन पदार्थों का पृथक होना उसके **परिचित स्वाद (familiar taste) से वंचित कर देता है।**

इबेरियन भेड़िया

अंडालूसिया सरकार द्वारा संचालित **इबेरियन भेड़ियों के संरक्षण के लिये कार्रवाई** कार्यक्रम के माध्यम से वर्ष 2020 के आँकड़ों से संबंधित हाल ही में प्रकाशित किये रिपोर्ट के अनुसार, **अंडालूसिया (एक स्पेनिश स्वायत्त क्षेत्र) में इबेरियन भेड़ियों के होने का कोई साक्ष्य नहीं मिला है।**

- इबेरियन भेड़िया (**Canis lupus signatus**) मूलतः स्पेन और पुर्तगाल वाले इबेरियन प्रायद्वीप में पाए जाने वाले भूरे भेड़िये की प्रजाति है, वर्ष 2020 से ही यह प्रजाति स्पेन के अंडालूसिया के ऐतिहासिक क्षेत्र में विलुप्त है।
- **ग्रे वुल्फ कैनिस ल्यूपस** को IUCN की संकटग्रस्त प्रजातियों की रेड लिस्ट में **कम चिंतनीय (Least Concern) प्रजाति** के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
- व्यापक रिपोर्ट में "नियंत्रित" दौरों और कैमरा ट्रैप डेटा की सहायता से भेड़िये की अनुपस्थिति का खुलासा किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-2-august-2023